मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-141
11/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में जमुई जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

**पटना, 11 फरवरी 2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में जमुई जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री जमुई जिले के सदर प्रखंड की इन्दपे पंचायत के मरकट्टा गांव पहुंचे जहॉ उन्होंने इन्दपे पोखर के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्‌घाटन कर तालाब में मछली छोड़ी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तालाब को थोड़ा और गहरा करें ताकि और अधिक पानी का इसमें संग्रहण हो सके। इसके चारों ओर पौधारोपण कराएं। सोलर लाइट लगवाएं एवं तालाब में और सीढ़ियों का निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि पहाड़ की तलहटी में वर्षा जल के संग्रहण का उपाय कराएं। अधिक से अधिक वाटर स्टोरेज होगा तो किसानों को इससे फायदा होगा और भूजल स्तर भी मेनटेन रहेगा। उन्होंने इन्दपे पोखर के पास बनाए गए पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। नीरा उत्पाद के बिक्री केंद्र का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और अधिकारियों से कहा कि नीरा के उत्पाद को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि लोगों को इसके सेवन के प्रति प्रेरित करें, यह काफी फायदेमंद है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। किसानों द्वारा तैयार किए गए ऑर्गेनिक अनाज, मशरूम आदि का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य सहायता केंद्र, क्लॉथ वेंडिंग मशीन, जीविका एवं बैंक के संयुक्त प्रयास से संचालित ग्राहक सेवा केंद्र के स्टॉलों का भी जायजा लिया। सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत लाभान्वित जीविका दीदियों से भी मुख्यमंत्री ने मुलाकात की। जीविका दीदी श्रीमती रश्मि देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि जीविका से जुड़ने के बाद हमें काफी फायदा हुआ है। सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत हमें 60 हजार रुपये की सहायता मिली, इससे हमने फल और नाश्ते की दुकान खोली। हमारे काम में पति भी हाथ बंटाने लगे। अब हमारी आर्थिक स्थिति बेहतर है। इसके लिए हम आपको बहुत–बहुत धन्यवाद देते हैं।

स्टॉल निरीक्षण के दौरान किसान ने मौसम के अनुकूल खेती के तहत किए जा रहे कार्य जैसे खेत का समतलीकरण और कृषि यंत्रों से फसल अवशेष का प्रबंधन आदि कार्यों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। इससे हो रहे फायदों के संबंध में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का शिलापट्ट अनावरण कर उद्‌घाटन किया और वहां शुरू होने वाले कार्य के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई में लगायी गयी मशीनों का अवलोकन भी किया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने गोवर्धन योजना की

भी शुरुआत की। उन्होंने नीरा संबंधी विभिन्न उत्पादों के निर्माण हेतु संयंत्र का भी उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, उद्योग विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भूमिहीनों को जमीन का बासगीत पर्चा, बंदोबस्ती पर्चा प्रदान किया। उन्होंने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी भी प्रदान की।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालय, मरकट्टा के जैविक पोषण वाटिका का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय मरकट्टा के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कक्ष का जायजा लिया एवं वहां पढ़ रहे छात्रों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने इस तकनीक से पठन–पाठन में हो रहे फायदे के बारे में जानकारी ली। इस पद्धति के संबंध में वहां उपस्थित शिक्षकों से भी जानकारी ली। उन्होंने डॉ0 अंबेडकर मॉर्डन पुस्तकालय का भी उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित छोटे–छोटे बच्चे–बच्चियों से बातचीत की। बच्चों ने मुख्यमंत्री को कविताएं भी सुनाईं, जिससे मुख्यमंत्री गदगद हुये।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री सह जमुई जिले के प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, विधायक श्री दामोदर रावत, विधायक श्री प्रफुल्ल मांझी, विधान पार्षद श्री अजय कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, आयुक्त मुंगेर प्रमंडल श्री संजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक मुंगेर प्रक्षेत्र श्री संजय कुमार, जिलाधिकारी जमुई श्री अवनीश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक जमुई श्री शौर्य सुमन सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******